**Dated: 14/08/2026**

To,
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai-400001

**Re: EMA India Limited; Scrip Code: 522027**

**Subject: Submission of Copies of Newspaper Publications**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulations 30 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 and in compliance with the Ministry of Corporate Affairs, General Circular No. 20/2020 dated 5$^{th}$ May, 2020, please find enclosed herewith the copies of Newspaper Publications w.r.t. Notice issued for attention of the Shareholders in respect of information regarding 55$^{th}$ Annual General Meeting scheduled to be held on Wednesday, 16$^{th}$ September, 2026 at 12:00 P.M. through Video Conferencing / Other Audio Visual Means published by the Company in Financial Express (English Newspaper) and Aaj (Hindi Newspaper) on August 14, 2026.

We request you to take the above on record.

Thanking You

Yours faithfully,
For **EMA India Limited**

SHRUTI SHARMA
Digitally signed by SHRUTI SHARMA
Date: 2026.08.14 13:32:01 +05'30'

**Shruti Sharma**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**M. No.: A75000**

# जीएसटी सचल दलों की कार्यप्रणाली में सुधार की मांग



ज्ञापन सौपते व्यापारी।

कानपुर, 13 अगस्त। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने अपर आयुक्त राज्य कर संध्या छाबड़ा को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें जीएसटी विभाग की सचल इकाइयों पर व्यापारियों के उत्पीड़न और कथित अवैध वसूली की शिकायतों की जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में कानपुर, उन्नाव और कानपुर देहात में सचल दलों की कार्यप्रणाली की जांच, चेकिंग के दौरान वाहन चालकों के मोबाइल कब्जे में लेने और अनुचित व्यवहार करने पर काररवाई की मांग की है। साथ ही अधिकारियों को व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश देने का आग्रह किया है। इस दौरान कानपुर प्रभारी सुभाष चंद्र गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री श्याम कनोडिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय मित्तल, राकेश अग्रहरी, अरविंद पांडे, प्रकाश गुप्ता, अमित, बब्बू यादव और विजय नारायण आदि मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर बीएसएनएल ने ग्राहकों को दीं कई सौगातें

कानपुर,13 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) उत्तर प्रदेश पूर्व परिमंडल ने ग्राहकों के लिए कई विशेष योजनाएं शुरू की हैं। इनका उद्देश्य सस्ती और विश्वसनीय दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराना तथा अधिक से अधिक लोगों को बीएसएनएल के नेटवर्क से जोड़ना है। एक रुपये में असीमित बातचीत और दो जीबी प्रतिदिन आंकड़ा के अनुसार बीएसएनएल के विशेष एक रुपये वाले स्वतंत्रता दिवस प्रस्ताव में ग्राहकों को सभी नेटवर्क पर असीमित बातचीत, प्रतिदिन दो जीबी आंकड़ा और 100 संदेश प्रतिदिन की सुविधा मिलेगी।

2399 रुपये के पुनर्भरण पर 47 दिन अतिरिक्त के तहत 12 अगस्त से 12 सितंबर 2026 के बीच 2399 रुपये का पुनर्भरण कराने वाले ग्राहकों को सामान्य 365 दिन के बजाय कुल 412 दिन की सेवा अवधि मिलेगी। यानी ग्राहकों को 47 दिन की अतिरिक्त सेवा अवधि दी जाएगी।



अहिल्याबाई होल्कर को नमन करते बसपा कार्यकर्ता।

## बसपाइयों ने अहिल्याबाई होल्कर को किया नमन

कानपुर, 13 अगस्त। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में गुरुवार को पार्टी के मंडल कार्यालय, नवीन मार्केट में मालवा साम्राज्य की न्यायप्रिय, कुशल शासिका महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यतिथि पर उनको पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर कानपुर मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी अनिल पाल, बीआर अहिरवार, पूर्व मंडल प्रभारी रामशंकर कुरील, जीवन लाल भारती, रामनारायण निषाद, मोहन मिश्रा, जिलाध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप कुमार, देवेंद्र कुशवाहा, नत्थू लाल दिवाकर, दीप बाल्मीकि, रमेश पाल, रामचन्द्र भारतीय, धर्मेंद्र गौतम, सूरज गौतम, बाड़ेलाल पासवान, अमर सिंह, परसराम प्रेमी, अनूप गौतम, प्रमोद गौतम, शिव बाबू कमल, रामदास कठेरिया, जिला पंचायत सदस्य सतेन्द्र पाल, असंक पाल, उग्रसेन शंखवार, विजय राना, राजेश पाल, रज्जन पाल, कृष्ण पाल, रामस्वरूप पाल एवं राम सागर पाल आदि मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई होल्कर को दी श्रद्धांजलि

कानपुर, 13 अगस्त। पहरुए-दि सिविल सोसायटी के तत्वावधान में गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित कार्यालय में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। वक्ताओं ने उनके जीवन, न्यायप्रियता, सुशासन और जनसेवा को याद करते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति की महान संरक्षक बताया। मुख्य वक्ता श्याम देव सिंह ने कहा कि उनका जीवन विपरीत परिस्थितियों में धैर्य, सत्ता में न्याय और समृद्धि में सेवा का संदेश देता है। एड. प्रदीप बाजपेई ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अहिल्याबाई ने साहस और दूरदर्शिता के साथ शासन चलाया। इस अवसर पर एड. अजय सिंह, एड. उमेश शुक्ला, सीए दीप कुमार मिश्रा, राकेंद्र मोहन तिवारी, राघवेन्द्र पाण्डेय, अमित द्विवेदी, गणेश शंकर पाण्डेय, मनीष वर्मा, प्रमोद अग्रहरि, अजय कुमार शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

## कारोबारी पर मारपीट और छेड़छाड़ में मुकदमा

कानपुर, 13 अगस्त। कलक्टरगंज में बुधवार को क्षेत्र में रहने वाली महिला ने कारोबारी उसकी पत्नी बेटी और साले पर मारपीट, छेड़छाड़ और धमकाने में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का कहना है कि वह व्यापारी के साथ लिवइन में रह रही थी। इस दौरान बुधवार को कारोबारी, उसकी पत्नी, बेटी और उसके साले ने मिलकर उसे पीट दिया। कलक्टरगंज थाना प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर काररवाई की जा रही है।

## मॉल में लावारिस बैग से सनसनी

कानपुर, 13 अगस्त। सर्वोदय नगर स्थित मॉल में गुरुवार शाम लावारिस बैग से सनसनी फैल गई। सूचना पर काकादेव पुलिस मौके पर पहुंची तब तक बिठूर निवासी एक महिला अपना बैग खोजते हुए पहुंची जिससे पुलिस ने उसे खुलवाकर देखा। महिला ने बताया कि वह माल में खरीदारी करने आई थी इस दौरान उसका बैग छूट गया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम ने बताया खरीदारी के दौरान महिला का बैग छूट गया था।

# महिला पार्षद ने दिया इस्तीफे का अल्टीमेटम

**बोलीं-अफसर सुन नहीं रहे, वार्ड में नहीं हो रहा जनता का कोई काम**

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 13 अगस्त। कानपुर नगर निगम के दबौली वार्ड 72 की भाजपा पार्षद वंदना गुंजन शर्मा विकास कार्य न होने से काफी नाराज है। उन्होने गुरूवार को महापौर प्रमिला पाण्डेय से मिलकर अपना इस्तीफा देने का एलान कर दिया है। पार्षद ने नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के प्रभारी मुख्य अभियन्ता पर वार्ड की समस्याओं की अनदेखी करने, स्ट्रीट लाइट के निस्तारण में भेदभाव करने और कर्मचारियों पर मनमानी व तानाशाही का आरोप लगाया है। भाजपा की पार्षद वंदन गुंजन शर्मा ने कहा कि वह पिछले तीन वर्षो से लगातार अपने वार्ड की समस्याओं को उठा रही है। लेकिन अधिकारियों ने किसी भी शिकायत पर गंभीरता से कार्यवाही नहीं की। पूरे वार्ड क्षेत्र की मार्ग प्रकाश व्यवस्था काफी खराब है। नौरैयाखेड़ा व शान्तीनगर ,दबौली वेस्ट की मलिन बस्तियों में खराब लाइटों की वजह से रात में अंधेरा बना रहता है। उन्होने जोन 5 की समीक्षा बैठक के दौरान महापौर प्रमिला पाण्डेय और नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय की मौजूदगी में स्ट्रीट लाइट की समस्या को प्रमुखता से उठाया। लेकिन मार्ग प्रकाश विभाग के अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की। पार्षद ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य न होने से लोग मुझे कोसते रहते है। जिससे मैं काफी परेशान हो चुकी हूँ। फाइलें बनाने के बाद गायब कर दी जाती है।

## पार्षद ठेकेदारों के बजाय कर्मचारियों से करा रहे लाइटिंग का काम

कानपुर 13 अगस्त। नगर निगम के ज्यादातर पार्षद अपने वार्ड क्षेत्र में ठेकेदारों के वजाय मार्ग प्रकाश विभाग के कर्मचारियों से लाइटिंग काम करवा रहे है। जो नियमों के विरूद्ध है। पार्षदों का कहना है कि हम करवा लेंगे। पार्षद द्वारा नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के सम्बन्धित जेई, लाइन मैन ,कर्मचारी पर दवाब डालकर अपने मनमुताबिक स्थान पर लाइट लगवाते है। जबकि ठेकेदार से ही लाइट लगवाना चाहिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह किसी एक वार्ड या जोन क्षेत्र का मामला नहीं है। पूरे जोन क्षेत्र में ठेकेदारों के द्वारा कराए जाने वाले कार्यो को पार्षदों द्वारा लाइटिंग कर्मचारियों से कराया जाता है। जहॉ पर चुनाव में वोट नहीं मिले है। वहॉ की लाइटिंग व्यवस्था भगवान भरोसे है।

# एक्सप्रेस वे और सीएम ग्रिड सड़कों में भारी घोटाला

**27 में पीडीए की एकजुट ताकत से बनेगी सपा की सरकार**

कानपुर,13 अगस्त। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने आज प्रदेश की मौजूदा स्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य में महंगाई, बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार से आम जनता बेहद परेशान है। युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही हैं और किसान अपनी फसल के सही दाम के लिए भटक रहे हैं। सरकार केवल बातें कर रही है। उन्होंने सीधा हमला बोलते हुए कहा कि 4200 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट में सरकार ने जिस ब्लैक लिस्टेड कंपनी को टेंडर दिया, उसके जरिए करोड़ों रुपये का घोटाला किया गया है। उद्घाटन होने के मात्र 13 दिन बाद ही इस एक्सप्रेसवे में जगह-जगह गड्ढे होने लगे और सड़क धंसने लगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की मंशा इस प्रतिबंधित कंपनी के जरिए और घोटाला करने की है क्योंकि उद्घाटन के मात्र 2 दिन बाद ही उसी कंपनी को यूपी के दो और बड़े प्रोजेक्ट दे दिए गए। यह सरकार जनता के खून-पसीने की कमाई को इस तरह से लूट रही है और असल में पूरी तरह से भ्रष्ट हो चुकी है। उन्होंने शहर में सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़कों की चौड़ाई कम कर फुटपाथ की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। बिना किसी तकनीकी जांच और प्रशिक्षण के जबरदस्ती फुटपाथों को चौड़ा किया जा रहा है। कानपुर को स्मार्ट सिटी कहा जाता है लेकिन आज इस स्मार्ट सिटी का यह हाल है कि बरसात आते ही पूरे शहर की सड़कें पानी से भर जाती हैं और जल निकासी की कोई व्यवस्था तक नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री केवल कागजों पर स्मार्ट सिटी की बातें करते हैं। पार्टी के विज़न पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से समाज के हर वर्ग के साथ खड़ी रही है। पीडीए ही उत्तर प्रदेश की असली ताकत हैं। सपा इन्हीं के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने दावा किया कि अब जनता बदलाव चाहती है। समाजवादी पार्टी पूरी ताकत से यह चुनाव लड़ेगी और भारी बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। स्वागत कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष फजल महमूद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव,अपर्णा जैन, शबाब अबरार, मनोज शुक्ला, अहमर फजल,फैसल खान इत्यादि मौजूद रहे।




सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### सयुस नेताओं ने किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

कानपुर, 13 अगस्त। समाजवादी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का स्वागत युवजन सभा अध्यक्ष अर्पित त्रिवेदी ने अपने साथियों के साथ नौबस्ता हाईवे पर पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सारे नौजवान मिलकर समाजवादी सरकार बनाओ, तब ही लैपटॉप मिलेगा, बेरोजगारी दूर होगी और नौजवान को लाठी नहीं खानी पड़ेगी। इस मौके पर नीरज पाल, केशव यादव, अभिषेक मिश्रा, संजय यादव, आदित्य सिंह, आलेख सिंह, मनीष यादव, हर्ष मिश्रा, प्रवीण मिश्रा आदि रहे

**EMA INDIA LIMITED**

Registered Office: 502, GOPALA CHAMBERS, 14/123 PARADE, KANPUR - 208001
Contact Details: Mob. No. +919453153780 Website: https://eiltd.info
E-mail: emaindia.cs@gmail.com, CIN No.: L46529UP1971PLC003408

**INFORMATION REGARDING 55th ANNUAL GENERAL MEETING (AGM) OF EMA INDIA LIMITED TO BE HELD THROUGH VIDEO CONFERENCING (VC)/ OTHER AUDIO-VISUAL MEANS (OAVM).**

NOTICE is hereby given that the 55th Annual General Meeting (AGM) of the Shareholders of EMA INDIA LIMITED (the Company) will be held on Wednesday, the 16th day of September, 2026 at 12:00 P.M. through Video Conferencing (VC)/ Other Audio Visual Means (OAVM) in compliance with applicable provisions of the Companies Act, 2013 and rules issued thereunder read with General **Circular numbers 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021 and 2/2022 dated April 08, 2020, April 13, 2020, May 05, 2020, January 13, 2021, December 08, 2021, December 14, 2021, May 05, 2022, December 28, 2022, General Circular No. 09/2023 dated September 25, 2023, General Circular No. 09/2024 dated September 19, 2024 and General Circular No. 03/2025 dated September 22, 2025 respectively, issued by the Ministry of Corporate Affairs ("MCA") (hereinafter collectively referred to as "MCA Circulars") and Circular numbers SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated May 12, 2020, SEBI/HO/CFD /CMD2/CIR/P/2021/11 dated January 15, 2021, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated May 13, 2022, SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated January 5, 2023, SEBI/HO/CFD/CFD-PoD- 2/P/CIR/2023/167 dated October 7, 2023, SEBI/HO/CFD/ CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 dated October 3, 2024 and Circular No. HO/49/14/14(7) 2025-CFD-POD2/I/3762/2026 dated January 30, 2026 issued by the Securities and Exchange Board of India (SEBI) (hereinafter collectively referred to as "SEBI Circulars"),** to transact the business, as set out in the Notice covering the 55th AGM of the Company.

In compliance to the MCA Circulars and SEBI Circulars, the electronic copies of the Notice of the 55th AGM and Annual Report of the Company for the financial year 2025-2026 will be sent to all the shareholders whose email IDs are registered with the Company/Company's Registrar and Transfer Agent or Depository Participant(s). The Notice of the 55th AGM and Annual Report for the financial year 2025-2026, will also be available on the website of the Company at https://eiltd.info and website of Stock Exchange i.e. BSE Limited at www.bseindia.com. Shareholders can attend and participate in the AGM through VC/OAVM facility only. The instructions for joining the AGM are provided in the notice of AGM. Members attending the meeting through VC/OAVM shall be counted for the purpose of reckoning the quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

**Manner of voting at the AGM:**

Shareholders will have an opportunity to cast their votes remotely or e-voting during the AGM on the business to set forth in the Notice of the AGM through electronic voting system. The manner of voting remotely or e-voting during the AGM for shareholders holding shares in dematerialized form, physical form and for shareholders who have not registered their email addresses shall be provided in the Notice convening the AGM.

**Manner of registering/updating email addresses:**

- Shareholders holding shares in physical form and who have not registered/updated their email addresses with the Company are requested to register/update their email addresses by sending a duly signed request letter in Form I SR-1 along with supporting documents to Company's Registrar and Transfer Agent i.e. Alankit Assignments Limited at info@alankit.comor 4E/2, Jhandewalan Extension New Delhi – 110055by providing Folio No. and Name of the Shareholder and a self-attested copy of the PAN Card.
- Shareholders holding shares in dematerialized form are requested to register/update their email addresses with the relevant Depository Participant(s).

The above information is being issued for the benefit of all the Shareholders of Company and is in compliance with the MCA Circular(s) and SEBI Circular(s).

For EMA INDIA LIMITED
Sd/-
(Shruti Sharma)
Company Secretary

Date: 14/08/2026
Place: Kanpur



झारखंड सरकार का पुतला फूंकने जाते अभाविप के कार्यकर्ता।

## अभाविप ने झारखंड सरकार का पुतला फूंका

**विद्यार्थियों पर हुए लाठीचार्ज का किया विरोध**

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 13 अगस्त। झारखंड में विद्यार्थियों पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (कानपुर विश्वविद्यालय) के मुख्य द्वार पर झारखंड सरकार का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने झारखंड सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की तथा दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर प्रांत मंत्री दिनेश यादव ने कहा कि झारखंड में विद्यार्थियों पर किया गया लाठीचार्ज लोकतांत्रिक मूल्यों का खुला उल्लंघन है। किसी भी सरकार का दायित्व विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करना होता है, न कि उनकी आवाज को लाठियों के बल पर दबाना। महानगर मंत्री सुधांशु त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थी केवल अपने अधिकारों की बात कर रहे थे लेकिन उनकी आवाज को दमनकारी रवैये से दबाने का प्रयास किया गया। यह केवल झारखंड के विद्यार्थियों पर हमला नहीं, बल्कि देशभर के छात्र समुदाय के आत्मसम्मान पर प्रहार है। प्रांत सह मंत्री मयंक पासवान ने कहा कि लाठी और दमन के माध्यम से किसी भी आंदोलन को समाप्त नहीं किया जा सकता। झारखंड सरकार को विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से आशुतोष तिवारी, अनुराग शर्मा, यश पाल, गुंजन कुमार, लालू यादवए गिन्नी गोंडे, प्रियंका माथुर, अर्शी तिवारी, अनामिका गोंड, आलोक सिंह, मयंक चौहान, अक्षत कुमार, प्रभात शर्मा एवं प्रथम प्रकाश द्विवेदी सहित लगभग 250 कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## वर्गीकृत विज्ञापन

### सूचना

सूचना–मैंने अपने पुत्र आलोक उमराव उर्फ बबलू से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके कार्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवारकी जिम्मेदारी नहीं होगी। **उमा शंकर उमराव** पुत्र स्व. शिवपाल उमराव 117/P–1/558, शिवपुरी काकादेव,कानपुर नगर। के.13589

सूचना–मैने अपना नाम कोली देवी से बदलकर कोयली देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **कोयली देवी** पुत्री जीवन राम, निवासी– गढ़टकनेट, पोस्ट अजीतगढ़ सीकर, राजस्थान।

सूचना–मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक 1154451 की अंकतालिका/ सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। **विवेक कुशवाहा** पुत्र रविशंकर कुशवाहा 424 जी– ब्लाक भाग–3 गंगागंज कालोनी पनकी कानपुर। के.13585

सूचना–मैंने अपने पुत्र राजेश उर्फ बब्बूल से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनके कार्य व लेन देन की मेरी व मेरे परिवार की जिम्मेदारी नहीं होगी। **रामरती** पत्नी बजरंगी नि. 107/7 (1) आर.के. नगर,चन्द्रनगर कानपुर नगर। के.13590

सूचना–मै अमित जैन अपनी पुत्री की पॉलिसी लेते समय घरेलू नाम मुस्कान अंकित कराया था बाद में स्कूल व आधार, पैन, बैंक पासबुक में सभी प्रपत्रों में पालिसी धारक का नाम हिमाली जैन है ये दोनों एक ही हैं पता 3/7 सुखधाम गांधी ग्राम, हरजिन्दर नगर कानपुर। के 13598

सूचना–मैंने अपना नाम आनंद शुक्ला से बदलकर आनंद कुमार शुक्ला रख लिया है भविष्य में मुझे आनंद कुमार शुक्ला नाम से जाना व पहचाना जाए। **आनंद कुमार शुक्ला** पुत्र दुर्गा प्रसाद शुक्ला निवासी हाता नं.–1, रेल बाजार कैण्ट ,कानपुर नगर– 208004

सूचना – मैंने अपनी पुत्री सूफिया के कार्यो से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये कार्यो व लेन देन की वह स्वयं जिम्मेदार होगी। सपरिवार हमारी जिम्मेदारी न होगी। **मो. शकील** पुत्र स्व. मो. नसीम निवासी 694 ताड़ बगिया जाजमऊ कानपुर नगर। के. 13605

सूचना – मैंने अपने पुत्र धर्मेन्द्र सिंह पुत्रवधू बंदना सिंह के कार्यो से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । उनके द्वारा किये गये कार्यो व लेन देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **श्रीमती रामप्यारी** पत्नी स्व. कपिलदेव म.नं. 74 के. आर. पुरम सनिगवां रोड चकेरी कानपुर नगर। के.13604

सूचना – मैंने अपने पुत्र सौरभ वर्मा व पुत्रवधू नेहा कश्यप से सम्बन्ध विच्छेद करके इन्हें अपनी चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये किसी कृत्य से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **अशोक कुमार वर्मा** पुत्र पूरन लाल निवासी 1427 हनुमंत विहार नौबस्ता कानपुर नगर। के 13612

सूचना – मैंने अपने पुत्र अहसान खान व पुत्रवधू फरहीन के व्यवहार से क्षुब्ध होकर उनसे अपने सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके किसी भी कार्यो की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **अफसाना** पत्नी स्व. इसरार अली नि. 134/6 ओमपुरवा कानपुर नगर। के 13611

सूचना –मेरा पूर्व में नाम (VAISNAVI SINGH) था जिसे परिवर्तित कर अब (VAISHNAVI SINGH) कर दिया है अब मुझे (Vaishnavi Singh) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **वैष्णवी सिंह** पुत्री श्री संजय सिंह निवासी – 108/59 पी.रोड कानपुर नगर। के.13607

वैधानिक चेतावनी –सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी लुभावने विज्ञापन की प्रमाणिकता एवं भाव बोध स्वयं जाँचकर प्रयोग में लाये प्रमाणिकता सिद्ध न होने की दशा में समाचार पत्र उत्तरदायी न होगा। सम्पादक

सूचना–मैने अपने छोटे भाई राजेश कुमार से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है उसके किसी भी गलत सही कार्यो की मेरी तथा परिवार की जिम्मेदारी नहीं होगी। **राकेश कुमार** पुत्र स्व. छोटे लाल निवासी नई बस्ती गोला घाट कैण्ट कानपुर। के13592

सूचना–मैं अपने पुत्र महेन्द्र कुमार व पुत्रवधू प्रियंकादेवी को चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। **प्रमोद कुमार** पुत्र गजोधर नि. ग्राम शहजादपुर तह. अकबरपुर जिला कानपुर देहात। के. 13593

सूचना–मैंने अपने पुत्र फैजान से उसके गलत व्यवहार से क्षुब्ध होकर चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, उसके द्वारा किये गये कार्य व लेन देन से मेरा कोई वास्ता/सरोकार नहीं है। **पप्पू** पुत्र स्व. वली मोहम्मद नि. 96/22 बिसाती कब्रिस्तान कर्नलगंज कानपुर नगर। के.13594

सूचना–मैंने अपना नाम शेख शमीम अली से बदलकर शमीम अली रख लिया है। भविष्य में मुझे शमीम अली के नाम से जाना व पहचाना जाए। **शमीम अली**,निवासी–15/47, सिविल लाइन्स, इम्पायर इस्टेट अपार्टमेंट, कानपुर–208001

सूचना–मैंने अपना नाम समरीन अली से बदलकर शेख समरीन अली रख लिया है। भविष्य में मुझे शेख समरीन अली के नाम से जाना व पहचाना जाए। शेख समरीन अली, निवासी 15/47 सिविल लाइन्स, एम्पायर इस्टेट अपार्टमेंट,कानपुर–208001

Notice- FAWAD ANIS DOB 27.12.1976 and FEWAD ANIS DOB 27.12.1974 both name and Date of Birth belongs to same person that is me In futurei shall be known as FEWAD ANIS and DOB 27.12.1974 FEWAD ANIS S/o ANIS AHMAD R/o44/319 Meston Road Moolganj Kanpur Nagar K.13597

सूचना–मेरे पुत्र नमिश पटेल की वास्तविक जन्मतिथि 17 अगस्त 2013 है। भूलवश जन्म पंजीयन नही हो पाया था। अतः इसी जन्मतिथि को सत्य माना और लिखा जाए। **जितेन्द्र कुमार** पुत्र इंद्रसेन वर्मा निवासी औंग, ब्लाक मलवां, जनपद–फतेहपुर

सूचना-मेरे आधारकार्ड में मेरा नाम शादीलाल लिखा है, जो कि गलत है, जबकि अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम **अभिषेक कुमार** पुत्र रामपाल निवासी ग्यासपुर, सकतपुर, छिबरामऊ (कन्नौज) दर्ज है, जो कि सही है। अब यही नाम पता कर दिया जाए।

सूचना-मैंने अपने पुत्र मुकेश व उसकी पत्नी अंजलि का आचरण अच्छा न होने पर उससे संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उन दोनों के किसी भी कृत्य या लेनदेन से मेरा वह मेरे अन्य पुत्रों मुकेश व कुलदीप से कोई लेना-देना नहीं होगा। **सोमवती** पत्नी रघुवीर, निवासी ग्राम-डडौनी, सकरावा (कन्नौज)।

सूचना–विवाह से पूर्व मेरा नाम साक्षी त्रिवेदी पुत्री पवन कुमार त्रिवेदी समस्त शैक्षिक तथा अन्य अभिलेखों में दर्ज है। विवाह के बाद अब मेरा नाम साक्षी तिवारी पत्नी संजय तिवारी के नाम से शैक्षिक एवं समस्त अभिलेखों में दर्ज पढा एवं जाना जाए। **साक्षी तिवारी** पत्नी संजय तिवारी निवासी ग्राम व पोस्ट– चहोतर ,ब्लॉक सरेनी, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली

I Army No 14659382A Rank HAV Sunil Kumar Uttam my Service record in my wife name Radha is wrongly But correct name Radha Devi.

I Army No 14659382A Rank HAV Sunil Kumar Uttam my Service record in my mother name Shri mati and DOB 01-07-1954 is wrongly But correct name Siyapati And Dob 01-01-1948.

Notice- I Army No 14659382A Rank HAV Sunil Kumar Uttam my Service record in my wife name Radha is wrongly But correct name Radha Devi.

Notice- : I Army No 14659382A Rank HAV Sunil Kumar Uttam my Service record in my mother name Shri mati and DOB 01-07-1954 is wrongly But correct name Siyapati And Dob 01-01-1948.

सूचना-मैने अपना नाम सुशील कुमार SUSHIL KUMAR से बदल कर सुनील कुमार SUNIL KUMAR) कर लिया है। भविष्य में **सुनील कुमार** पुत्र ब्रज बिहारी, निवासी ग्राम व पोस्ट बांकी, जिला हमीरपुर (उ.प्र.) पिन-210502 के नाम से जाना पहचाना व कानूनी दस्तावेजों में अंकित किया जाये।

सूचनाः मैनें अपने पुत्र निहाल वर्मा के क्रिया–कलापों के कारण उससे सम्बन्ध विच्छेद कर चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार न होगा, वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **मीना वर्मा** पत्नी राजेश कुमार वर्मा निवासी– मोहल्ला बिरतियान, कस्बा व तहसील करहल, जनपद मैनपुरी।

I, Vaishnavi Gupta, daughter of Satish Chandra Gupta, resident of 85/28, Cooper ganj ,Kanpur, solemnly declare that I have lost my High School and Intermediate certificates. The Unique ID number is 7197866; the DS number for the 10th Class certificate is 3000704, and the DS number for the 12th Class certificate is 50001492.

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बैनामा जो श्री शिव सिंह राठौर के पक्ष में दिनांक 25 अक्टूबर 1989, रजिस्टर्ड 31 जनवरी 1990 वही नंबर 1 जिल्द 1258 पृष्ठ संख्या 349-350 पर नंबर 5122/ 89/ 850/90 की मूल प्रति कही गिर गई है, कोई भी अगर इसका प्रयोग करता है तो वह गैर कानूनी है। **अभिषेक कुमार** पुत्र श्री राजेश कुमार 793 कटरा शमशेर खान, शहर व जिला इटावा।

मेरे बेटे जितेन्द्र कुमार व आंशू का कार्य व्यवहार ठीक नही है। अपने कार्यो के दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा कोई सरोकार नही है। अपनी चल अचल सम्पत्ति से दोनों को बेदखल करता हूँ। **जवाहर वर्मा** पुत्र गरीबे ग्राम तलिहई पोस्ट इन्दामऊ उन्नाव।

सूचना-मैंने अपनी पुत्री कुमकुम के समाज विरोधी कृत्यों में लिप्त होने से परेशान होकर अपने सम्बन्ध विच्छेद करके उसको अपनी समस्त चल - अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज की तिथि से उसके द्वारा किए गए किसी अच्छे बुरे कार्य, सरकारी व गैरसरकारी लेनदेन आदि की जिम्मेदारी मेरी न होगी। **ईश्वरचंद** पुत्र नंदलाल निवासी मोहल्ला सय्यदबाड़ा कस्बा व थाना सांडी तहसील बिलग्राम जिला हरदोई।

**सूचना**–मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Harsit Pathania अंकित हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक नाम Harshit Pathania है। Harshit Pathania, S/o No- JC-483409L, नायब सूबेदार, जसवन्त सिंह पठानिया, 28 राजपूत, निवासी ग्राम- बेलावाला, पोस्ट-विकासनगर, जिला –देहरादून, राज्य–उत्तराखंड, पिन- 248198, द्वारा शपथ पत्र नंबर- 47AA599975, दि0–13.08.2026 फतेहगढ़ कोर्ट।

**सूचना –मैंने अपने पुत्र आर्यन के क्रिया कलाप से दुखी होकर अपना व अपने परिवार सहित सम्बन्ध समाप्त कर अपनी चल – अचल सम्पत्ति से बेदखलकर दिया है उसके द्वारा किये गये कार्यो व लेन देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अर्चना पत्नी सन्तोष कुमार नि. आ.सं. 272 प्लाट सं. 8 बारा सिरोही कल्यानपुर ,कानपुर नगर। के.13591**

सूचना –पूर्व में मेरे पासपोर्ट में मेरे नाम की स्पेलिंग MOHAMMAD RIZWAN SIDDIQUE लिखी थी जिसको संशोधित करके मैंने MOHD. RIZWAN SIDDIQUI कर लिया है। अब मुझे MOHD. RIZWAN SIDDIQUI के नाम से ही जाना–पहचाना जाता है। MOHD. RIZWAN SIDDIQUI पुत्र श्री मोहम्मद अनवार सिद्दीकी 2/130, सुतहट्टी, फर्रुखाबाद।

सूचना – मेरे पुत्र जितेन्द्र, राजगौतम, नरेन्द्र, सचिन, जीतू के कार्य एवं व्यवहार ठीक न होने के कारण मैंने उनसे सामाजिक एवं पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गए लेन–देन एवं अच्छे–बुरे कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा कोई सरोकार नहीं होगा। **माधुरी** पत्नी स्व0 रामदास निवासी कछियाना लिंजीगंज कादरीगेट, फर्रुखाबाद।

सूचना –मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2002 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 0701688 वास्तव में खो गया है। **निवेन विक्रम प्रताप सिंह** पुत्र ओमप्रकाश निवासी दशमेश कालोनी घेरशामू खां फर्रुखाबाद।

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरिओम त्रिवेदी पुत्र आलोक त्रिवेदी, निवासी ग्राम व पोस्ट मलकेगांव, थाना सरेनी, तहसील लालगंज, रायबरेली के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मूल अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र, डी.फार्मा डिप्लोमा प्रमाणपत्र तथा ग्रीन कार्ड का मूल प्रमाणपत्र कहीं गुम हो गया है। किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त हों तो कृपया हरिओम त्रिवेदी को सूचित करने का कष्ट करें। मो.नं. 7887095257**

सूचना- असमाजिक व अव्यवहारिक कार्यो के चलते मैने अपने एकलौते पुत्र रामकुमार व पुत्रबधू सानिका पत्नी रामकुमार से सम्बन्ध बिच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह अपने नैतिक अनैतिक कार्यो व लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता न होगा है। **अरूण कुमार** पुत्र स्व0 पंचम निवासी ग्राम सनियांपुर ब्रम्हणान तहसील व थाना डेरापुर जिला कानपुर देहात।

सूचना- असमाजिक व अव्यवहारिक कार्यो के चलते मैने अपने छोटे पुत्र अमित कुमार व पुत्रबधू सीमा देवी पत्नी अमित कुमार से सम्बन्ध बिच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह अपने नैतिक अनैतिक कार्यो व लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता न होगा है। **श्रीराम पुत्र** मन्नीलाल निवासी ग्राम माण्डा थाना शिवली, तहसील मैथा जिला कानपुर देहात

सूचना- असमाजिक व अव्यवहारिक कार्यो के चलते मैने अपने पुत्र अंशू उर्फ अनिल कटियार व पुत्रबधू गौरी उर्फ बेटू से सम्बन्ध बिच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह अपने नैतिक अनैतिक कार्यो व लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता न होगा है। **शिव कुमार** पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम डाढापुर थाना राजपुर जिला कानपुर देहात।

सूचना- असमाजिक व अव्यवहारिक कार्यो के चलते मैने अपने पुत्र मो0 अतीक व पुत्रबधू साफिया खातून पत्नी मो0 अतीक से सम्बन्ध बिच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब वह अपने नैतिक अनैतिक कार्यो व लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार वास्ता न होगा है। **सादिक खां** पुत्र बजीर खां व श्रीमती असगरी बेगम पत्नी सादिक खां निवासीगण ग्राम खानपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।

सूचना–मेरे पुत्र का नाम विद्यालय के अभिलेखों में सौर्य प्रताप सिंह अंकित है जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश सौर्या दर्ज है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को सौर्य प्रताप सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **चेतन कुमार सिंह** पुत्र सुशील कुमार निवासी पौंथी, पोस्ट शिवगंज, जिला औरैया